पंजाब केसरी

# 125 सीआईएसएफ जवानों ने 6553 किमी तक किया साइक्लोथॉन



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : भारत की तटीय सुरक्षा को मजबूत करने और तटीय समुदायों को जागरूक बनाने के उद्देश्य से आयोजित ग्रेट इंडियन कोस्टल साइक्लोथॉन 2025 का भव्य समापन कन्याकुमारी में हुआ। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने सुरक्षित तट, समृद्ध भारत की थीम के तहत इस साइक्लोथॉन को आयोजित किया। समापन समारोह में सीआईएसएफ के महानिदेशक मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे, जहां स्थानीय लोगों ने साइकिल चालकों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। विगत 7 मार्च को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा हरी झंडी दिखाए जाने के बाद, यह साइक्लोथॉन 6,553 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से गुजरा।

25 दिनों तक चले इस सफर में 125 समर्पित सीआईएसएफ साइकिल चालकों ने भाग लिया, जिनमें 14 महिला बल सदस्य भी शामिल थीं। इस दौरान 1,200 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न चरणों में इसका हिस्सा बनकर इसे ऐतिहासिक बना दिया।